दिनांक 15 अगस्त 2022 को स्वाधीनता की 75 वीं वर्षगाँठ को महाविद्यालय में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द शुक्ला ने तिरंगा फहराया। महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स और परिसर में स्थित पीएसी बटालियन के जवानों ने तिरंगे को सलामी दी। प्राचार्य ने अपने संबोधन में स्वाधीनता आंदोलन के मूल्यों, प्रतिमानों और आदर्शों को सहेजने और विकसित करने की बात कही। डॉ. उमेश चन्द्र बाजपेयी, अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग ने मा. निदेशक, उच्च शिक्षा के संदेश का वाचन किया जिसमें उच्च शिक्षा के उन्नयन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया गया है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. सुनील वर्मा तथा उत्साही छात्र-छात्राओं ने संक्षिप्त वक्तव्य एवं कविताओं के माध्यम से स्वाधीनता आंदोलन के नेतृत्वकर्ताओं, क्रांतिकारियों, शहीदों और सर्वस्व न्यौछावर करने वाले युवाओं को याद किया। साथ ही यह भी संकल्प किया कि समाज और राष्ट्र को विकास के पथ पर निरंतर आगे ले जाने के लिए अपना श्रेष्ठतम सहयोग करते रहेंगे।

कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, पुस्तकालय, लेखा विभाग एवं सामान्य कार्यालय के प्रभारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालय विज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री मनीष त्रिपाठी ने किया तथा आभार छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. हरिशंकर यादव ने किया।

सरस्वती श्रुति महती न हीयताम्
१९४६
उन्नाव